**HIGH COURT OF JUDICATURE FOR RAJASTHAN**
**BENCH AT JAIPUR**

S.B. Criminal Miscellaneous (Petition) No. 2659/2026

Gordhan Das Maheshwari Son Of Late Shri Gopal Lal Maheshwari,

----Petitioner

Versus

State Of Rajasthan

----Respondent

| | | |
|---|---|---|
| For Petitioner(s) | : | Mr. S. S. Hora, Adv.<br>Mr. Naresh Kumar Sejvani, Adv. |
| For Respondent(s) | : | Mr. Manvendra Singh Shekhawat, PP<br>Mr. Deepak Chauhan, Adv.<br>Mr. Harsh Joshi, Adv. |

**HON'BLE MR. JUSTICE UMA SHANKER VYAS**

**Order**

**29/04/2026**

अयाची क्रम–1 राज्य की ओर से विद्वान लोक अभियोजक द्वारा उपस्थिति दी गई, जिन्होंने आज न्यायालय के समक्ष तथ्यात्मक रिपोर्ट प्रस्तुत की, जिसे अभिलेख पर रखा जाता है।

अयाची क्रम–2/परिवादी की ओर से विद्वान अधिवक्ता श्री दीपक चौहान द्वारा उपस्थिति दी गई, जिनके द्वारा कार्यालय में वकालतनामा पेश किया जा चुका है, अतः कार्यालय द्वारा भविष्य में उनका नाम दैनिक वाद सूची में उल्लेखित किया जावे।

विद्वान अधिवक्ता अयाची/परिवादी का निवेदन है कि उन्हें याचिका की प्रति उपलब्ध करवाई जावे, उसके पश्चात् ही वे अपना पक्ष रखने में समर्थ हो पाएंगे, अतः विद्वान अधिवक्ता याची को निर्देश दिया जाता है कि अयाची पक्ष को याचिका की प्रति उपलब्ध करवाई जावे।

विद्वान अधिवक्ता याची–अभियुक्त का निवेदन है कि मामला पूर्णतः सिविल प्रकृति का है, अतः अंतरिम आदेश पारित किये जाने का निवेदन किया लेकिन अयाची/परिवादी का विरोध है, जिनका निवेदन है कि इस संबंध में वे

दस्तावेज पेश करना चाहते हैं तथा यह भी निवेदन किया कि अभियुक्त के विरूद्ध अनेक आपराधिक प्रकरण पूर्व में संस्थित हो रखे हैं और वे इस मामले में सुसंगत हो सकते हैं।

विद्वान लोक अभियोजक को निर्देश दिया जाता है कि आगामी पेशी पर प्रकरण की केस डायरी तथा अभियुक्त का आपराधिक रिकॉर्ड, यदि कोई हो, तो प्राप्त कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करें।

प्रकरण दिनांक 01.05.2026 को समय 11:30 ए.एम. पर सूचीबद्ध किया जावे।

(UMA SHANKER VYAS),J

DINESH KUMAWAT /135 (S)